# लोक शिक्षण संचालनालय

## छत्तीसगढ़

प्रथम तल, खण्ड–सी, इन्द्रावती भवन, अटल नगर

फोन नम्बर– 0771–2331385, फैक्स नम्बर–0771–2445215, Email Id–cg.dpi.dir@gmail.com

क्रमांक / ESTB-101(2)/52/2025/306 नवा रायपुर, दिनांक 31.10.2025

**/ /सूचना/ /**

**स्पेशल एजुकेटर भर्ती – 2025**

संचालनालय के सूचना पत्र क्रमांक ESTB-101(2)/52/2025/271, दिनांक 03.10.2025 के द्वारा स्पेशल एजुकेटर के 100 पदों पर सीधी भर्ती हेतु विस्तृत विज्ञापन विभाग की वेबसाईट https://eduportal.cg.nic.in पर जारी किया गया था। संचालनालय के सूचना पत्र क्रमांक/ESTB-101(2)/52/2025/295, दिनांक 18.10.2025 के द्वारा स्पेशल एजुकेटर पद के लिए प्राप्त आवेदनों में से **मान्य एवं अमान्य आवेदनों की सूची** जारी की गई थी तथा आवेदकों से दिनांक 22 एवं 23 अक्टूबर 2025 को दावा आपत्ति के आवेदन स्वीकार किये गये थे।

2/ संचालनालय के सूचना पत्र क्रमांक/ESTB-101(2)/52/2025/301 , दिनांक 26.10.2025 द्वारा **मान्य आवेदनों की अंतरिम सूची** विभाग की वेबसाईट पर जारी की गई थी एवं दावा आपत्ति दिनांक 28.10.2025 को आमंत्रित किये गये थे। दावा आपत्ति के प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर निराकरण किया गया है।

3/ तद्नुक्रम में मान्य किये गये आवेदनों की **मेरिट सूची एवं दस्तावेज सत्यापन की सूची** विभाग की वेबसाईट https://eduportal.cg.nic.in पर जारी की जा रही है।

4/ स्पेशल एजुकेटर (प्राथमिक/उच्च प्राथमिक/माध्यमिक) का **दस्तावेज सत्यापन दिनांक 03 एवं 04 नवंबर, 2025 को इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर के तृतीय तल के मीटिंग हॉल 01 एवं 04 में प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक किया जायेगा।** दस्तावेज सत्यापन की समय–सारिणी सूची में दर्शित है।

5/ दस्तावेज सत्यापन प्रपत्र की जानकारी विभाग के वेबसाईट पर पृथक से जारी किया जा रहा है। अभ्यर्थी उपरोक्त प्रपत्र में दिये गये विवरण अनुसार सभी आवश्यक अभिलेखों की छायाप्रति एवं मूल प्रति लेकर निर्धारित समयावधि में अपनी उपस्थिति प्रदान करे।

6/ उपरोक्त सूची में आवेदक को पात्र दर्शाना आवेदक के चयन का आधार नहीं माना जायेगा।

**संलग्नः**–उपरोक्तानुसार।

उप संचालक<br>
लोक शिक्षण छत्तीसगढ़

E/Special Educator/spl edu letter